

पीएम मोदी की वजह से राजनीति में आई

स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने खेल में ऐक्टिव होते हुए राजनीति में आने की वजह पीएम नरेंद्र मोदी को बताया। उन्होंने कहा, मैं माननीय पीएम को पसंद करती हूं। उनकी वजह से ही मैंने राजनीति में आने का फैसला किया।

## सीएए और एनआरसी जरूरी है.. लोग जल्द समझेंगेः नेहवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन अधिनियम, नागरिकों के राष्ट्रीय रजिस्टर और नेशनल पॉपुलेशन रजिस्टर को लेकर लंबे समय से एक बड़ा वर्ग विरोध में है। इसी वर्ष जनवरी के आखिरी सप्ताह में बीजेपी जॉइन करने वाली स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल का मानना है कि सीएए और एनआरसी देश के लिए उपयोगी मुद्दे हैं।

पूर्व वर्ल्ड नंबर वन बैडमिंटन खिलाड़ी ने सीएए, एनआरसी और एनआरपी को देश के लिए जरूरी बताया। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई की लोग इस बात को जल्द समझ जाएंगे। उन्होंने कहा, ये देश के लिए जरूरी मुद्दे हैं। लोग इस बात को जल्द समझ जाएंगे।

**जब तक फिट हूं खेलती रहूंगीः** राजनीति में आने के बाद खेल छोड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा, मैं खिलाड़ी हूं। खेल में मैं अपना शत–प्रतिशत प्रदर्शन कर रही हूं। राजनीति मेरे लिए नई है और जब तक मैं फिट रहूंगी खेलती रहूंगा। राजनीति का फिलहाल मुझपर कोई दबाव नहीं है। हरियाणा, उत्तर प्रदेश या दिल्ली की राजनीति में आने को उन्होंने कहा, श्पूरा देश मेरा घर है।

# 9.55 सेकंड में 100 मीटर दौड़ने वाले गौड़ा का हुआ टिकट

**रेस**

## कर्नाटक के श्रीनिवास गौड़ा के ट्रायल की तैयारी हो चुकी है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भैंसे के साथ महज 9.55 सेकंड में 100 मीटर की दूरी तय करने वाले कर्नाटक के श्रीनिवास गौड़ा के ट्रायल का समय सुनिश्चित किया जा चुका है। इसकी जानकारी खुद खेल मंत्री किरण रिजिजू ने दी। उन्होंने ट्वीट के जरिए पर बताया कि साई के अधिकारियों ने गौड़ा से संपर्क किया है और उनका रेल टिकट भी हो चुका है। रिजिजू ने यह ट्वीट बीजेपी के नैशनल जनरल सेक्रेटरी पी. मुरलीधर राव के जवाब में लिखा था।

दरअसल, पी. मुरलीधर राव ने ट्वीट किया, भारत उठेगा और चमकेगा. . महज 9.55 सेकंड में 100 मीटर की रेस पूरा करना एक अद्भुत कारनामा है। श्रीनिवास गौड़ा को उचित प्रशिक्षण निश्चित रूप से देश के लिए नाम कमाने में उनकी मदद करेगा। मेरी शुभकामनाएं। इसके साथ ही राव ने खेल मंत्री



किरण रिजिजू और पीएम मोदी को टैग किया।

इस पर खेल मंत्री किरण रिजिजू ने जवाब दिया– हां, मुरलीधर राव जी... साई के अधिकारियों ने उनसे संपर्क किया है। उनका रेल टिकट भी बन गया है और वह सोमवार को साई सेंटर पहुंचेंगे। मैं शीर्ष राष्ट्रीय कोचों को सुनिश्चित करूंगा कि वह अपना ट्रायल ठीक से कर सके। हम टीम हैं। पीएम नरेंद्र मोदी जी और हम खेल प्रतिभाओं को पहचानने के लिए सब कुछ करेंगे!

**आनंद महिंद्रा ने की मांगः** इससे पहले भारत के मशहूर उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने खेल मंत्री किरण रिजिजू से तो उन्हें ट्रेनिंग का मौका देने की मांग करते हुए ओलंपिक के लिए भारत की पदक की उम्मीद भी बताया था।

**किरण रिजिजू बोले- मौका दूंगा**

इस पर रिजिजू ने भी रिप्लाय किया, मैं कर्नाटक के श्रीनिवास गौड़ा को साई के टॉप कोचों से ट्रायल के लिए कॉल करूंगा। आम तौर पर ऐथलेटिक्स में ओलिंपिक के मानकों के बारे में लोगों में ज्ञान की कमी है, जहां मानवीय शक्ति और धीरज को परखा जाता है। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि भारत में कोई भी प्रतिभा बिना छोड़े नहीं रहे।

**बोल्ट के साथ हो रही है तुलना**

गौड़ा पैडी हैं, जो एक बफेलो रेस में भैंसे के साथ दौड़ रहे थे। दावा किया जा रहा है कि श्रीनिवास ने 100 मीटर की रेस महज 9.55 सेकंड में ही पूरी कर दी, जबकि 142.50 मीटर की दूरी 13.62 सेकंड में पूरी की। रोचक बात यह है कि 9.55 सेकंड का समय वर्ल्ड रेकॉर्ड से भी बेहतर है। 100 मीटर की फर्राटा सबसे कम समय में पूरी करने का रेकॉर्ड जमैका के उसेन बोल्ड के नाम है, जिन्होंने इसे 2009 में 9.58 सेकंड में पूरा कर लिया था। उनके रेस का विडियो सामने आते ही लोगों ने उनकी तुलना बोल्ट के साथ करनी शुरू कर दी।

# सिर्फ 2-4 मैच बाद ही बुमराह के प्रदर्शन पर सवाल उठाना सही नहींः शमी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हैमिल्टन। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे इंटरनैशनल सीरीज में जसप्रीत बुमराह कोई विकेट नहीं ले पाए। इसके बाद सवाल उठने लगे कि क्या चोट से वापस करने के बाद बुमराह की लय कहीं खो गई है। हालांकि टीम इंडिया के उनके साथी गेंदबाज मोहम्मद शमी इस बात से इत्तेफाक नहीं रखते। शमी ने कहा, सिर्फ एक–दो मैचों में अलग प्रदर्शन के बाद लोग जसप्रीत बुमराह के कई अनगिनत मैच–जिताऊ खेल को कैसे भूल सकते हैं। बुमराह ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे इंटरनैशनल मैचों की सीरीज में कोई विकेट हासिल नहीं किया। इसके बाद कई लोग उनके खेल पर कुछ सवाल उठाने लगे थे।




न्यूजीलैंड इलेवन के खिलाफ प्रैक्टिस मैच के दूसरे दिन के खेल के बाद शमी ने कहा, श्मैं समझ सकता अगर लोग कुछ अरसा गुजर जाने के बाद लोग इस पर चर्चा करते लेकिन 2–4 मैच बाद नहीं। सिर्फ इसलिए कि उन्होंने दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, आप मैच जिताने की उनकी काबिलियत पर सवाल नहीं कर सकते।

उन्होंने कहा, बुमराह ने जो भारत के लिए हासिल किया है आप उसे कैसे नजरअंदाज कर सकते हैं? तो अगर आप सकारात्मक होकर सोचते हैं तो यह आपके और खिलाड़ी के आत्मविश्वास के लिए भी अच्छा होता है।

शमी ने सिर्फ कॉमेंट करने वाले लोगों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लोग भूल रहे हैं कि बुमराह स्ट्रेस फ्रेक्चर से लौट रहे हैं।

उन्होंने कहा, श्एक खिलाड़ी होने के नाते, यह काफी अलग है। बाहर से कॉमेंट करना काफी आसान है। कुछ लोगों का काम ही होता है टिप्पणी करना। एक खिलाड़ी होने के नाते आप चोटिल होते हैं और ऐसे में आपको सकारात्मक होकर देखना चाहिए न सिर्फ नकारात्मक चीजों पर ही टिप्पणी करनी चाहिए। मैं भी 2015 में चोटिल हुआ था (घुटने की चोट) लेकिन मैंने वापसी की।

## टेस्ट के दौरान ट्रेनर को कहे थे अपशब्द, प्रतिबंध से बचे उमर अकमल, लेकिन...

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तानी बल्लेबाज उमर अकमल लाहौर में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में फिटनेस परीक्षण के दौरान एक ट्रेनर पर कथित अभद्र टिप्पणी करने के बावजूद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रतिबंध से बच गए। यह घटना पिछले महीने हुई थी जब सभी खिलाड़ियों को बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज और पाकिस्तान सुपर लीग से पहले एनसीए में फिटनेस परीक्षण देने के लिए कहा गया। शारीरिक वसा जांच के दौरान उमर (26 वर्ष) झुंझला गए जो अन्य परीक्षों में विफल हो गए थे। और उन्होंने कपड़े निकालते हुए ट्रेनर पर अभद्र टिप्पणी की।

ट्रेनर ने इस मामले की रिपोर्ट मिस्बाह उल हक को दी जो मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता हैं। उन्होंने बोर्ड से जांच के लिए कहा। पीसीबी ने जांच पूरी होने के बाद कहा कि यह घटना गलतफहमी के कारण हुई। पीसीबी ने कहा, 'उमर अकमल को अपने किए पर पछतावा है और पीसीबी ने उन्हें फटकार लगाई और सीनियर क्रिकेटर के तौर पर उनकी जिम्मेदारियों की याद दिलायी।' इसके अनुसार, 'अब यह मसला खत्म हो गया है और पीसीबी और उमर अकमल इस पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे।'

## न्यूज डायरी



### 5वीं बेटी के पिता बने पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इसलामाबाद। पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने शुक्रवार को अपने पांचवें बच्चे की खबर सोशल मीडिया पर साझा की। अफरीदी की इससे पहले चार बेटियां हैं और उनकी पांचवीं बेटी के साथ तस्वीर साझा करते हुए अफरीदी काफी खुश नजर आ रहे हैं। उन्होंने ट्वीट किया, सर्वशक्तिमान की दुआएं और कृपा मुझ पर है... पहले से शानदार बेटियों का पिता होने का सौभाग्य मुझे मिला हुआ है और अब मेरे घर पांचवीं बेटी हुई है। अलहमदुल्लाह। यह अच्छी खबर मैं अपने सभी शुभचिंतकों के साथ साझा कर रहा हूं। अफरीदी की शादी अपनी कजिन नादिया के साथ हुई थी। उनकी चार बेटियों के नाम– अक्सा, अंशान, अजवा और अशमारा हैं। अफरीदी के इस पोस्ट पर लोग अलग–अलग तरह की टिप्पणी कर रहे हैं। कुछ लोग उन्हें मुबारक दे रहे हैं वहीं कुछ ऐसे भी लोग हैं जो उन्हें आबादी पर नियंत्रण की सलाह दे रहे हैं।

### थाला महेंद्र सिंह धोनी के स्वागत के लिए एक मार्च को तैयार है चेन्नै

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी के दुनिया भर में फैले फैंस के लिए एक अच्छी खबर है। यह पूर्व क्रिकेट कप्तान जल्द ही सीरियस प्रैक्टिस शुरू करने जा रहा है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रैंचाइजी टीम चेन्नै सुपरकिंग्स अपने थाला यानी लीडर की अगवानी के लिए पलक पांवड़े बिछाए बैठी है। पिछले साल 10 जुलाई को धोनी आखिरी बार क्रिकेट मैदान पर दिखे थे, मैनचेस्टर में न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल मैच में। उनके रन आउट से खेल का पासा पलट गया था। दिल तोड़ देने वाली उस श्मिलीमीटर की चूकश के बाद से वह मैदान से, प्रैक्टिस से और यहां तक क्रिकेट से ही पूरी तरह दूर हैं। धोनी शुक्रवार को गोरेगांव (मुंबई) में एक ऐड फिल्म की शूटिंग के लिए पहुंचे। उन्होंने हेयरस्टाइलिस्ट सपना भवनानी से हेयरकट भी करवाया।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने संजीव चावला को अगले आदेश तक तिहाड़ जेल भेजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सट्टेबाजी और क्रिकेट मैच फिक्सिंग के मुख्य आरोपी संजीव चावला को निचली अदालत द्वारा पुलिस हिरासत में पूछताछ की अनुमति दिए जाने के एक दिन बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को उसे अगले आदेश तक तिहाड़ जेल भेज दिया। निचली अदालत ने चावला को गुरुवार को 12 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। अदालत ने कहा था कि मामले की आगे की जांच के लिए उसे देश भर के अनेक शहरों में ले जाया जाना है। ब्रिटेन से प्रत्यर्पित चावला ने निचली अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए कहा कि प्रत्यर्पण के दौरान गृह मंत्रालय ने ब्रिटेन की सरकार को आश्वासन दिया था कि मुकदमे की सुनवाई के लिए उसे केवल तिहाड़ जेल में रखा जाएगा। चूंकि अदालत में जांच अधिकारी मौजूद नहीं थे इसलिए न्यायाधीश अनु मल्होत्रा ने अपराध शाखा को निर्देश दिया कि मामले में स्थिति रिपोर्ट पेश करें और कहा कि अगले आदेश तक चावला को तिहाड़ जेल भेजा जाए।

### ओलंपिक की तैयारियों में फिटनेस पर जोरः मारिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय महिला हाकी टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने तोक्यो ओलंपिक के लिए 'फिटनेस' को अहम बताते हुए कहा कि आगामी अभ्यास शिविर में इस पर जोर देने के साथ टीम के कमजोर पक्षों को मजबूत किया जाएगा। हाकी इंडिया ने शनिवार को 25 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की कोर टीम की घोषणा की जिसने रविवार से बेंगलुरु के भारतीय खेल प्राधिकरण शिविर में अभ्यास शुरु किया। खिलाड़ी 27 दिनों तक चलने वाली इस प्रशिक्षण और अनुकूलन शिविर में मारिन की देख–रेख में अभ्यास करेगी। टीम को इस साल जून में एशियाई चौम्पियंस ट्राफी और जुलाई–अगस्त में ओलंपिक में हिस्सा लेना है। यही समय है जब हम अभ्यास शिविर में अतिरिक्त मेहनत कर सकते हैं।''